Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission in Rajasthan - laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू): भारत सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशन अनुसार देश के हर घर में नल से साफ़ जल पहुंचाने की अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया गया हैं। राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और पानी की भारी किल्लत रहती है, इस पर विशेष ध्यान देते हुए भारत सरकार द्वारा राजस्थान को सर्वाधिक राशि जारी किये जाने का कार्य किया गया हैं। लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा केंद्र की योजना होने के कारण अभी तक इस पर प्रभावी कार्य नहीं किया गया है। राजस्थान में पिछले दिनों जल जीवन मिशन के तहत भ्रष्टाचार अनियमितता के कई मामले सामने आए हैं, सरकार द्वारा अभी तक इस विषय पर कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। जिसकी वजह से इतनी बेहतरीन योजना का क्रियान्वन सही नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों ही राजस्थान में दो कंपनियों के द्वारा जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ियाँ करने का मामला सामने आया था। मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान राज्य में जल जीवन मिशन के तहत सामने आ रही गड़बड़ियों व अनियमितताओं की शिकायतों की जांच केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा करवाई जाए, और राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि इस योजना का सही क्रियान्वन करे।